भारत सरकार
रेल मंत्रालय

राज्य सभा
28.03.2025 के
अतारांकित प्रश्न सं. 3299 का उत्तर

कृषि उत्पादों के परिवहन के लिए समर्पित रेफ्रिजरेटेड वैगन

3299. श्री एस. निरंजन रेड्डी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि मंत्रालय को उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय से प्याज के परिवहन के लिए रेफ्रिजरेटेड वैगनों वाली रेलगाड़ियां चलाने के संबंध में अनुरोध प्राप्त हुआ है, यदि हां, तो मंत्रालय द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;
(ख) मंत्रालय द्वारा वर्तमान में संचालित रेफ्रिजरेटेड वैगनों की संख्या कितनी है और इन वैगनों का उपयोग करके परिवहन की जाने वाली कृषि वस्तुओं का ब्यौरा क्या है;
(ग) भारतीय रेलवे में शीतागार अवसंरचना में सुधार करने के लिए आवंटित धनराशि का ब्यौरा क्या है; और
(घ) कृषि उत्पादों के बड़े पैमाने पर परिवहन को संभालने के लिए पर्याप्त रेल अवसंरचना और शीतागार संभारतंत्र की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं?

उत्तर
रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): भारतीय रेल फलों और सब्जियों सहित ऐसी वस्तुओं, जिन्हें नियंत्रित तापमान वाले वातावरण की आवश्यकता हो, के संचलन के लिए कंटेनर कॉर्पोरेशन (कॉनकोर) के माध्यम से रेल आधारित प्रशीतित कंटेनर सेवाएं प्रदान कर रही है। वर्ष 2023-24 के दौरान, कॉनकोर के माध्यम से रेल द्वारा कुल 27,771 प्रशीतित कंटेनर स्थानांतरित किए गए थे।

कॉनकोर की तापमान नियंत्रित भंडारण सुविधाएं लगभग 129 करोड़ रुपए के कुल निवेश से नाशिक, न्यू आजादपुर, दादरी और सोनीपत में स्थापित की गई हैं।

भारतीय रेल में प्याज के थोक परिवहन के लिए ढके हुए मालडिब्बों का उपयोग पहले से ही किया जा रहा है। वर्ष 2023-24 के दौरान 271 प्याज के रेकों का लदान किया गया।

बहरहाल, प्याज के परिवहन के लिए प्रशीतित मालडिब्बों वाली रेलगाड़ियाँ का शुरू करने के संबंध में उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय से कोई अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ है।

*****